# विद्यापीठ में खुलेगा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज व शोध संस्थान: केदारनाथ रावल



**ऊखीमठ।** श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के उत्तराखंड आयुर्वेदिक भेषज्य कल्पक (फार्मासिस्ट) प्रशिक्षण संस्थान के दिन बहुरने वाले हैं। संस्थान को जल्द ही आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं शोध संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। जल्द ही बीएएमएस कॉलेज के लिए रूपरेखा तैयार की जाएगी। साथ ही केदारनाथ के रावल भीमाशंकर लिंग स्वयं के प्रयास से कॉलेज व शोध संस्थान के लिए धनराशि जुटाने में मदद करेंगे। वर्ष 1947-48 में गुप्तकाशी के विद्यापीठ में श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने उत्तराखंड आयुर्वेदिक प्रशिक्षण विद्यालय खोला था। वर्ष 2005 में इस विद्यालय का नाम बदलकर उत्तराखंड आयुर्वेदिक भेषज्य कल्पक (फार्मासिस्ट) प्रशिक्षण संस्थान कर दिया और वर्ष 2009 में पहली बार उत्तराखंड की तत्कालीन भाजपा सरकार ने इस संस्थान को आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी। इसके लिए कैबिनेट बैठक में सैद्धांतिक स्वीकृति के बाद शासनादेश भी जारी किया गया था और ऊखीमठ के निकट चुन्नी, मंगोली और भैंसारी गांव में भूमि चयन भी किया गया था। ग्रामीणों की नाप भूमि, मंदिर समिति की भूमि एवं राज्य सरकार की भूमि का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था, लेकिन बात आगे नहीं बढ़ पाई। संस्थान में दो वर्षीय आयुर्वेदिक फामेर्सी और एक वर्षीय पंचकर्म डिप्लोमा का संचालन भी हो रहा है, जिसमें प्रत्येक सत्र में 150 छात्र-छात्राएं अध्ययन कर रहे हैं। अब, एक बार फिर आयुर्वेदिक भेषज्य कल्पक (फार्मासिस्ट) प्रशिक्षण संस्थान को आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के रूप में विकसित करने की योजना को बल मिला है। स्वयं केदारनाथ के रावल भीमाशंकर लिंग ने इसकी पैरवी की है और धनराशि जुटाने में मदद करने की बात कही है। अगले दो वर्ष में उत्तराखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज व शोध संस्थान को धरातल पर उतारने के प्रयास किए जाएंगे। रावल भीमाशंकर लिंग ने कहा कि, केदारघाटी में आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज की स्थापना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। वह, मुख्यमंत्री सहित मुख्य सचिव सहित आला अधिकारियों से भी इस बारे में स्वयं बात करेंगे। इधर, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व केदारनाथ की पूर्व विधायक आशा नौटियाल का कहना है कि विद्यापीठ में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज अन्य जिलों के छात्र-छात्राओं को आयुर्वेद की पढ़ाई के लिए अन्यत्र दूरस्थ संस्थानों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

# बदरीनाथ- केदारनाथ में हुई बारिश, ऊंची पहाड़ियों पर हिमपात हुआ



**रुद्रप्रयाग :** केदारनाथ में रविवार देर शाम हल्की बारिश हुई, जबकि ऊंची पहाड़ियों पर सीजन का पहला हिमपात हुआ, जिससे केदारपुरी में ठंड बढ़ने लगी है। सुबह से ही धाम में मौसम सुहावना था। दिन चढ़ने के साथ तेज धूप के बीच धाम में यात्रा का उल्लास चरम पर रहा। दोपहर बाद धाम में हल्के बादल छाने लगे थे। वहीं बदरीनाथ धाम में भी रविवार शाम करीब डेढ़ घंटा बारिश होने से मौसम ठंडा हो गया। हिमालय की पहाड़ियों पर घना कोहरा छा गया। शाम छह बजे के बाद केदारनाथ में हल्की बारिश शुरू हुई, जो आधे घंटे तक होती रही, जबकि चोराबाड़ी, वासुकीताल, दुग्ध गंगा की ऊपरी पहाड़ियों पर जमकर हिमपात हुआ।

श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सीईओ योगेंद्र सिंह ने बताया, ऊपरी पहाड़ियों पर हिमपात होने से केदारनाथ में शाम के समय ठंड बढ़ गई है। इधर,

जिला जिला मुख्यालय रुद्रप्रयाग सहित जनपद के अन्य क्षेत्रों में दिनभर मौसम साफ रहा और चटक धूप खिली रही।

# पंचायत में दहेज पीड़िता दुल्हन के परिजनों पर हमला



**हरिद्वार।** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित के मामले में मध्यस्थ के घर पर दोनों पक्षों की बुलाई गई पंचायत में जमकर हंगामा हुआ। पंचायत में लड़के पक्ष के लोगों ने लड़की पक्ष के लोगों पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिससे पांच लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जनपद के भारापुर गांव निवासी स्वराज सिंह ने बताया कि उनकी पुत्री निकिता की शादी छह माह पूर्व लक्सर कोतवाली क्षेत्र के दाबकी कलां गांव में हुई थी। शादी में उन्होंने अपनी हैसियत से अधिक दहेज देने के बाद भी ससुराल पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे। दहेज की मांग को लेकर लड़की को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। ससुराल पक्ष की ज्यादती बढ़ने पर बेटी ने उन्हें जानकारी दी। रविवार को वह अपने रिश्तेदारों के साथ मध्यस्थ के घर लक्सर पहुंचे। मध्यस्थ ने लड़के पक्ष के लोगों को भी मौके पर बुलाया गया। दोनों पक्षों के बीच वार्ता चल ही रही थी कि इसी बीच लड़के पक्ष के कुछ लोगों ने अचानक उन पर चाकुओं से हमला बोल दिया। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा किसी तरह स्थिति को संभाला गया। हमले में विवाहिता के पिता स्वराज, बहन सोनिया और हरपाल समेत पांच लोग घायल हुए हैं। वारदात के बाद लड़की पक्ष के लोग कोतवाली पहुंचे तथा पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा।

# चोरी की योजना बनाते चार टप्पेबाज गिरफ्तार



**हरिद्वार।** चोरी की योजना बनाते हुए हर की पैड़ी पुलिस ने सूर्योदय होटल के सामने रेलवे सुरंग से चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह चारों चोरी की योजना बना रहे थे। इन सभी के पास से चार ब्लेड कटर बरामद हुए है। पकड़े गए आरोपितों के नाम मिंटू पुत्र सोमपाल निवासी प्रकाश विहार थाना करावल नगर दिल्ली, दीपक पुत्र धर्मवीर निवासी गली नंबर 7 गैस प्लांट थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार, रजनीश पुत्र सतपाल निवासी रविदास मंदिर के पास ग्राम खानपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार और भरत पुत्र नरेश निवासी चामुंडा देवी थाना कात्योनगल जिला अमृतसर पंजाब के हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री धामी ने श्रद्धालुओं पर आतंकी हमले की निंदा की

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रियासी(जम्मू-कश्मीर) में श्रद्धालुओं पर हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की निंदा की है। धामी ने कहा है कि मानवता के दुश्मन बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारों को यह असीम कष्ट सहने की शक्ति प्रदान करने के साथ घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना की है।

### मैदानी इलाकों में अभी और सताएगी गर्मी, पर्वतीय जिलों में बारिश के आसार

**देहरादून।** उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में गर्मी एक बार फिर अपने तेवर दिखाने लगी है। जून के पहले हफ्ते में हुई बारिश के बाद अब तापमान फिर से 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। दिन में तेज धूप और गर्म हवाओं की वजह से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। खासकर देहरादून, हरिद्वार और उधमसिंह नगर में पारा रिकार्ड तोड़ रहा है। अगले कुछ दिन गर्मी और बढ़ने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र का अनुमान है कि देहरादून, हरिद्वार और उधामसिंह नगर में पारा 40 डिग्री से ऊपर जा सकता है। हालांकि मौसम विभाग केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने प्रदेश के पर्वतीय जिलों उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है। इसके अलावा मौसम विज्ञान केंद्र का पूवार्नुमान है कि इन जिलों में 30 से 35 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

### लालच देकर धर्मांतरण की सूचना पर हंगामा, चार महिलाओं सहित सात लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया




**हरिद्वार/सिडकुल।** सिडकुल थाना क्षेत्र की सरस्वती विहार कॉलोनी में धर्मांतरण की सूचना पर एक संगठन से जुड़े लोगों ने हंगामा कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चार महिलाओं सहित सात लोगों का शांतिभंग में चालान कर दिया। सरस्वती विहार कॉलोनी के एक मकान पर रविवार को आयोजित समागम में कुछ लोग एकत्रित हुए थे। एक संगठन से जुड़े कुछ लोग भी पहुंच गए। आरोप लगाया कि धन का लालच देकर धर्मांतरण कराया जा रहा है। इसको लेकर मौके पर हंगामा हो गया। दोनों तरफ से लोग आमने-सामने आ गए। सूचना मिलते ही सिडकुल थाने से एसआई संदीप चौहान, महिला एसआई मीनाक्षी बिष्ट, मुख्य आरक्षी सुनील सैनी, अनिल कंडारी मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने हंगामा कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया, गायत्री निवासी ग्राम बैजनी थाना हल्दौर, बिजनौर यूपी, राधिका निवासी ग्राम निमन बसेड़ा, थाना किरतपुर, बिजनौर यूपी, सुमन निवासी ब्रह्मपुरी, मीनू निवासी ग्राम गंजालपुर थाना मंडावर, बिजनौर यूपी, जसवंत सिंह व हिमांशु उर्फ पास्टर निवासी सरस्वती विहार थाना सिडकुल, पुष्पेंद्र निवासी ग्राम लिम्बन हनेडा थाना किरतपुर, बिजनौर यूपी का शांतिभंग में चालान किया गया है।

### गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर छबील लगाकर शरबत बांटा



**हरिद्वार।** सिक्ख समाज के पांचवें गुरु 'गुरु अर्जुन देव' का शहीदी दिवस जगह-जगह छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत वितरित कर मनाया गया। कनखल स्थित निर्मल संतपुरा आश्रम गुरुद्वारे के बाहर संत जगजीत सिंह शास्त्री ने राहगीरों को चने का प्रसाद और ठंडा शरबत वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुरु अर्जुन देव के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। उनकी याद में प्रत्येक वर्ष इसी प्रकार से छबील लगाकर ठंडा शरबत वितरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि सिक्ख समाज सदैव सेवा भाव से कार्य करता है। ऊंच-नीच, छोटा-बड़ा, अमीर-गरीब, जात-पात इन सबसे दूर सभी को एक समान सम्मान देता है। गर्मी में ठंडा शरबत से लोगों को बहुत राहत मिलती है। निर्मल विरक्त कुटिया ऐतिहासिक गुरुद्वारे द्वारा प्रेमनगर चौक पर ठंडा शरबत वितरित किया गया। इस अवसर पर बाबा पंडत ने कहा कि हरिद्वार में चारधाम यात्रा चरम पर है। तपती गर्मी और लू में रोजाना लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

# कमरा नंबर-202... दोपहर 12 बजे अचानक लापता हो गया छात्र



**ऊधम सिंह नगर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि परिसर के शिवालिक भवन छात्रावास से शुक्रवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए एमटेक के छात्र राघवेंद्र सिंह परमार का रविवार शाम तक पता नहीं चला। जबकि छात्र की खोजबीन में विवि प्रशासन सहित पुलिस की तीन टीमें लगी हैं, जिनका नेतृत्व खुद एसपी सिटी मनोज कत्याल कर रहे हैं।

त्रिवेणीपुरम झूंसी, प्रयागराज (यूपी) निवासी राघवेंद्र सिंह परमार (24) पुत्र रणंजय सिंह परमार जीबी पंत कृषि विवि के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में एमटेक (सिविल इंजीनियरिंग) प्रथम वर्ष का छात्र है और छात्रावास के कमरा नंबर-202 में रहकर पढ़ाई कर रहा है। राघवेंद्र शुक्रवार दोपहर 12 बजे अचानक लापता हो गया। उसका मोबाइल बंद मिलने पर वार्डन और सुरक्षा कर्मियों ने राघवेंद्र की संभावित जगहों पर तलाश के बाद उसके गायब होने की सूचना उसके परिजनों की दी। शनिवार को छात्र के परिजन पंतनगर पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। वार्डन डॉ. राजीव रंजन ने विवि के सभी विभागों और नगला, गोलगेट, आनंदपुर जवाहर नगर व शांतिपुरी आदि में छात्र के लापता होने की सूचना फोटो सहित भेजकर जानकारी होने पर संपर्क करने की अपील की है। उधर पुलिस ने छात्र की गुमशुदगी दर्ज कर तीन टीमें गठित कर तलाश शुरू कर दी है। एसआई दिनेश रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रविवार को छात्रावास में करीब 50 छात्रों सहित छोटी मार्केट में दुकानदारों से पूछताछ की। साथ ही क्षेत्र के नगला, गोलगेट व जवाहरनगर में पूछताछ कर एक संदिग्ध को भी उठाया, लेकिन फिर भी अब तक छात्र का कोई सुराग नहीं मिला है। विवि के छात्रावास से किसी छात्र का लापता होना गंभीर मामला है। वार्डन की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस की तीन टीमें गठित की गई हैं, जिनका नेतृत्व में स्वयं कर रहा हूं। छात्र की लोकेशन मिलने की खबर गलत है। हमारी सर्विलांस और पुलिस टीमें तत्परता से लगी हैं।

# गोकशी करते एक आरोपित दबोचा

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली पुलिस ने गोकशी की सूचना पर छापा मारकर एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन आरोपित मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से दो बैल व गोकशी के उपकरण बरामद किए हैं। जानकारी के मुताबिक रानीपुर कोतवाली पुलिस को मुखबिर से ग्राम गढ़ स्थित कब्रिस्तान के समीप आम के बाग में गोकशी किए जाने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस ने आम के बाग में छापेमारी की। इस दौरान मौके पर चार आरोपित बाला उम्र 55 वर्ष पुत्र रशीद, आजम पुत्र बाल, शोएब पुत्र अशरफ व सोहेल पुत्र अशरफ निवासीगण ग्राम गढ़ थाना रानीपुर दो बैलों की गोकशी की तैयारी कर रहे थे।

# कुमार विश्वास त्रिवेणी घाट पर सुनाएंगे संगीतमय राम कथा



**ऋषिकेश।** ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर श्री गंगा सभा की ओर से 11 से 13 जून तक राम कथा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास 'अपने-अपने राम' की संगीतमयी प्रस्तुति देंगे। श्री गंगा सभा के संयोजक हर्षवर्धन शर्मा, कार्यक्रम संयोजक चंद्रशेखर शर्मा, महामंत्री राहुल शर्मा ने संयुक्त रूप से सोमवार को ऋषिकेश स्थित प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। मुख्यमंत्री के अलावा प्रदेश के कई कैबिनेट मंत्री भी कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में चार से पांच हजार लोग राम कथा का श्रवण करेंगे, जिसकी सभी तैयारियां कर ली गई हैं।

# पिकअप वाहन खाई में गिरने से 14 लोग घायल



**नैनीताल।** नैनीताल जिले में सड़क दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। चार दिन पहले ओखलकांडा के पतलोट में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। रविवार देर रात एक बार फिर से सड़क दुर्घटना हुई है। इसमें एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 14 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार रविवार रात को 15 लोग बेतालघाट महोत्सव से खरीदारी कर पिकअप वाहन से घर लौट रहे थे। इस दौरान बेतालघाट क्षेत्र में रातीघाट-बेतालघाट मोटर मार्ग पर देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर 100 फिट गहरी खाई में जा गिरा। मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने सभी घायलों को बाहर निकाल कर स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेतालघाट भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने नैनीचैक निवासी 65 वर्षीय उम्मेद सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि प्राथमिक उपचार के बाद छह लोगों को डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय रेफर किया गया है।

14 घायलों में मंजू कठायत, बालम सिंह, कंचन (12), सौरभ (15), हेमा देवी (25), पुष्पा बोहरा (29), सूरज कठायत (15), पना देवी (40), प्रभा कठायत (20), दीपा देवी (20), प्रभा बोहरा (32), कुंदन बोहरा (35), पिंकी बोहरा (32), और चंद्रा (16) के नाम शामिल हैं। सभी पल्सों और वर्धो गांव के निवासी हैं। इससे पहले बीते पांच जून को ओखलकांडा के पतलोट में 14 यात्रियों को ले जा रहा मैक्स वाहन के खाई में गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई घायल हो गए थे।

लोगों का आरोप है कि सड़क मार्ग ठीक नहीं होने के चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं। इसके अलावा वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियों को भरना भी बड़ा कारण बताया जा रहा है।

# जीवन में अनुशासन व वैदिक शिक्षा जीवन को सही दिशा व मार्ग प्रशस्त करते हैं



**हरिद्वार।** जीवन में अनुशासन व वैदिक शिक्षा जीवन को सही दिशा व मार्ग प्रशस्त करते हैं। अनुशासित व संस्कारवान युवा ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करने में सहायक होते हैं। यह विचार आर्य समाज सेक्टर 1 बीएचईएल में चल रहे वैदिक संस्कार एवं चरित्र निर्माण आवासीय शिविर के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि इस शिविर में जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है, निश्चय ही जीवन में आने वाले समय में आपमें आत्मविश्वास पैदा होगा, वहीं एक नई ऊर्जा का संचार होगा। आने वाले समय में आप सभी को राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देकर देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करना है। वशिष्ठ अतिथि जगदीश लाल पाहवा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज की आवश्यकता है। इनसे बच्चों में अपनी संस्कृति व वैदिक शिक्षा की जानकारी तो मिलती ही है, वही उनमें संस्कार भी पल्लवित होते हैं। ऐसे आयोजनो के माध्यम से देश के लिये आर्य वीर तैयार हो रहे हैं।

आर्य समाज प्रधान डा. महेंद्र आहुजा ने कहा कि आर्य समाज शाखा भेल सेक्टर 1 की इकाई ने लगातार बच्चों को शिक्षित व आर्य सिद्धांतों के प्रति जागरूक करने की दिशा में इस प्रकार के आयोजन किये जाते हैं। जिनका उद्देश्य बच्चों को अपनी गौरवशाली आर्य परम्परा व अनुशासन से अवगत करा उन्हें राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर आर्य समाज संरक्षक ओपी बत्रा, प्रधान डॉक्टर महेन्द्र आहूजा, मंत्री राकेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजवीर सिंह, शिविर मुख्याधिष्ठता आचार्य योगेन्द्र मेधावी, शिविर प्रमुख संयोजक मदन सिंह, कृष्ण कुमार चंदवानी, नवीन कुमार, अमरनाथ सैनी, अर्चित चंदवानी, सुकिर्ति चंदवानी, डॉक्टर श्याम सिंह, नरेंद्र आर्य, विभु ग्रोवर, कोटद्वार व नगर के अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा मंडल के हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर प्रधान मंत्री भारतीय जन-औषधी केंद्र के आवंटन हेतु ई-बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 24.06.2024, को आमंत्रित की गयी है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1722/24

# पढ़ाई के साथ कमाई भी कर सकेंगे छात्र-छात्राएं, 'सीएम लीप अर्न वाइल यू लर्न' योजना को मंजूरी

## -योजना के तहत अधिकतम छह हजार प्रतिमाह पारिश्रमिक पायेंगे चयनित छात्र

**देहरादून।** उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं अब पढ़ाई के साथ-साथ कमाई भी कर सकेंगे। इसके लिये सरकार ने "सीएम लीप अर्न वाइल यू लर्न" योजना को अपनी मंजूरी दे दी है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने यह जानकारी दी है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने के पक्षधर है ताकि प्रदेश के युवाओं को शिक्षण संस्थानों में उच्च स्तरीय शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव और उपार्जन के अवसर उपलब्ध कराये जा सकें। सरकार की इसी मंशा के तहत प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में ह्यसीएम लीप अर्न वाइल यू लर्नह्व योजना लागू की जायेगी। चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं को अधिकतम छह हजार मासिक पारिश्रमिक दिया जायेगा। जिसकी मंजूरी सरकार ने दे दी है और शीघ्र ही शासन स्तर से इसका शासनादेश जारी कर दिया जायेगा।



उन्होंने बताया कि सीखो और कमाओ आधारित इस महत्वपूर्ण योजना के तहत प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों, राजकीय महाविद्यालयों और अन्य उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अनुसंधान स्तर के पात्र छात्र-छात्राओं को संस्थान में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य सौंपे जायेंगे। जिसमें प्रमुख रूप से पुस्तकालय संचालन सहायता कार्य, प्रयोगशालाओं में उपकरण संचालन, रखरखाव और प्रायोगिक सत्रों के लिये प्रयोगशाला सहायता संबंधी कार्य और कार्यालयी प्रशासनिक कार्य आदि शामिल हैं।

**मेरिट**

**▶▶ द्वितीय वर्ष में प्राप्त अंक, यूसेट में प्राप्त अंक तथा नेट में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट तैयार की जायेगी**

उन्होंने बताया कि योजना के लिए अभ्यर्थियों का चयन उनके समग्र शैक्षणिक स्कोर के आधार किया जायेगा। योजना के अंतर्गत कार्ययोजित छात्र-छात्राओं को सौ रुपये प्रतिघंटे के हिसाब से अधिकतम छह हजार रुपये प्रतिमाह पारिश्रमिक दिया जायेगा।

उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि योजना के अंतर्गत कार्ययोजित छात्र-छात्राओं पर इसके प्रभाव का समय-समय पर उच्च शिक्षा विभाग की ओर से मूल्यांकन किया जायेगा। मूल्यांकन के दौरान नामंकित छात्रों व नियोजित करने वाले होस्ट दोनों से फीडबैक लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि एक निरंतर अंतराल में सीएम लीप योजना की समीक्षा भी की जायेगी, ताकि इस नीति की प्रासंगिकता, प्रभावशीलता और उद्देश्यों को सुनिश्चित किया जा सके और भविष्य में छात्र-छात्राओं को इसका अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जा सके।

**योजना के लिये पात्रता**

सीएम लीप अर्न वाइल यू लर्न योजना के लिये स्नातक द्वितीय वर्ष (तृतीय/चतुर्थ सेमेस्टर) से लेकर स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राएं तथा शोधार्थी पात्र होंगे। योजना के लिये छात्र-छात्राओं का चयन उनके समग्र शैक्षणिक स्कोर के आधार पर किया जायेगा। इसके लिये इच्छुक छात्रों को संबंधित संस्थान में पूर्णकालिक नियमित संस्थागत छात्र होना अनिवार्य होगा। योजना के तहत स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में प्राप्त अंक, स्नातकोत्तर प्रथम व द्वितीय वर्ष में प्राप्त अंक, यूसेट में प्राप्त अंक तथा नेट में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट तैयार की जायेगी।

# ऑनलाइन योग संगोष्ठी का आयोजन

**योग**

**▶▶ आयुष विभागों के चिकित्सकों एवं अन्य कार्मिकों ने हिस्सा। छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे**




**हरिद्वार।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की काउंटडाउन श्रृंखला में हरिद्वार में सोमवार को ऋषिकुल फामेर्सी परिसर में ऑनलाइन योग संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में हरिद्वार जनपद के सभी आयुर्वेदिक, यूनानी चिकित्सालय एवं आयुष विभागों के चिकित्सकों एवं अन्य कार्मिकों ने हिस्सा। संगोष्ठी में क्वाड्रा आयुर्वैदिक कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद हरिद्वार के नोडल अधिकारी डॉ अवनीश उपाध्याय ने योग से संबंधित विभिन्न सोपानों को बताया। साथ ही जीवनशैली आधारित विभिन्न बीमारियों को किस तरह योग से रोका जा सकता है इस विषय पर भी प्रकाश डाला। आयुष विंग जिला चिकित्सालय हरिद्वार के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सौरभ प्रकाश त्रिपाठी ने योग द्वारा विभिन्न गैर संचारी बीमारियों की रोकथाम के विषय में उपस्थित कार्मिकों और छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। डॉ दीपिका वर्मा ने योग और निसर्गोपचार विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

अश्वमेध हेल्थ एंड वेलनेस संस्थान की योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ रुचिता उपाध्याय ने योग और ध्यान की वैज्ञानिक विधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में ऋषिकुल फामेर्सी परिसर से अमरापुर घाट तक रन फॉर योग रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरूआत करते हुए उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अरुण कुमार त्रिपाठी ने उत्तराखंड सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि स्वजल के परियोजना निदेशक के एन तिवारी, कृष्णायन गौशाला बायो सीएनजी प्लांट के प्रमुख स्वामी अनंतानंद महाराज, प्रो विनीत कुमार अग्निहोत्री, प्रो केके शर्मा, आचार्य रजनीश योगीराज, योगाचार्य डॉ रुचिता उपाध्याय, सामाजिक कार्यकर्ता देशराज शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता वीर सेन मानव, सामाजिक कार्यकर्ता आशु चौधरी द्वारा योग विषय पर अपने वक्तव्य दिए गए।

# जल संस्थान से सेवा मुक्त किए गए अंशकालिक कर्मियों ने किया विरोध

**ज्ञापन भेजा**

**▶▶ कर्मचारियों ने उपजिलाधिकारी कमलेश महेता के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है**



**गोपेश्वर।** चमोली जिले के पोखरी ब्लाक में स्थित जल संस्थान में 60 वर्ष से अधिक उम्र के अंशकालिक कर्मियों को उनकी सेवा से मुक्त कर दिया गया है। इसके विरोध में कर्मचारियों ने सोमवार को उपजिलाधिकारी कमलेश महेता के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है। अंशकालिक कर्मी सुरेंद्र सिंह, शिव लाल चौधरी, जगदीश सिंह ने कहा कि आंशिक मानदेय न्यूनतम मजदूरी पर विभागीय पेयजल आपूर्ति, राजस्व वसूली तमाम कार्यों को जनहित में नियमित रूप से करते आ रहे हैं। जिसमें किसी भी प्रकार से पेयजल से संबंधी कोई शिकायत नहीं है। उसके बावजूद भी जल संस्थान के अभियंता ने लिखित और मौखिक रूप से हटाने का आदेश दे दिया। पिछले माह का वेतन भी नहीं दिया गया है। इसके कारण उन्हें आर्थिक रूप से समस्याओं का समाना करना पड़ रहा है। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता संजय श्रीवास्तव ने कहा कि अंशकालिक कर्मियों में से उन्हें ही हटाया जा रहा है जिनकी उम्र 60 साल से अधिक हो गयी है, ताकि विभागीय कार्य सही ढंग से संचालित हो सकें।

# नेपाली मजदूर की नाबालिग बेटी लापता

**चंपावत।** जिले के पाटी विकासखंड के भिंगराड़ा क्षेत्र में नेपाली मजदूर की 17 वर्षीय नाबालिग बेटी रविवार की रात अचानक लापता हो गई। मजदूर ने अपने साथ मजदूरी कर रहे व्यक्ति पर नाबालिग बेटी को भगाने का आरोप लगाया है। नाबालिग बेटी के पिता ने सोमवार को 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी कि कल रात 9:00 बजे उनकी बेटी ने सबको खाना दिया जिसके बाद 9:30 बजे वह अचानक लापता हो गई। उन्होंने बताया कि बेटी की काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। उन्होंने नेपाल निवासी अमर थापा पर नाबालिग बेटी को भगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि अमर थापा शादीशुदा है तथा दो बच्चों का पिता है। भिंगराड़ा में उन्हीं लोगों के साथ कार्य करता है। उन्होंने पुलिस से अपनी बेटी को ढूंढने की गुहार लगाई है।

# प्रभु राम के वनगमन की कथा सुन भावुक हुए श्रद्धालु

**मार्मिक वर्णन**

**▶▶ डॉ. रामविलास दास वेदांती महाराज ने कहा कि राम एक आज्ञाकारी पुत्र थे**

**हरिद्वार।** हरिद्वार के प्रेमनगर आश्रम में वशिष्ठ भवन धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रही संगीतमयी श्रीराम कथा में अयोध्या धाम से आए कथा वाचक हिंदू धाम संस्थापक डॉ रामविलास दास वेदांती महाराज ने भगवान राम के वन गमन की कथा का मार्मिक वर्णन किया। इस दौरान कथा सुन श्रद्धालु भावुक हो गए। डॉ. रामविलास दास वेदांती महाराज ने कहा कि राम एक आज्ञाकारी पुत्र थे। उन्होंने माता कैकयी की 14 साल की वनवास की इच्छा को स्वीकार किया। उनके पिता राजा दशरथ, रानी कैकेयी से वचनबद्ध थे। राम ने ह्यरघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाय पर वचन ना जायह्व का पालन किया। राजपाट का त्याग किया और 14 साल के वनवास पर चले गए। प्रभु राम 14 वर्ष तक वनों में वनवासी होकर रहे। ऋषियों-मुनियों की सेवा की। राक्षसों का संहार किया। रावण ने जब उनकी पत्नी देवी सीता का अपहरण किया तो राम ने रावण का सर्वनाश कर दिया। राम एक आदर्श राजा भी थे। उन्होंने राजा का जो आदर्श प्रस्तुत किया उसे आज तक कोई भुला नहीं सका। वेदांती महाराज ने कहा कि राम राज्य में किसी को कोई कष्ट नहीं था। राम ने जीवन में कभी मयार्दा का उल्लंघन नहीं किया, इसीलिए वे मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाए। भगवान राम के आदर्श जीवन से प्रेरणा लेकर आप भी अपना जीवन सुधार सकते हैं। इसके पूर्व उन्होंने भगवान परशुराम के चरित्र का भी वर्णन सुनाया।

## संक्षिप्त खबरें

### जेईई एडवांस्ड 2024: आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड हरिद्वार के छात्रों ने किया कमाल

**हरिद्वार।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने हरिद्वार में अपने 8 स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड 2024 में उल्लेखनीय ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) हासिल कर क्वालीफाई किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और एईएसएल द्वारा प्रदान की गई उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग का प्रमाण है। आईआईटी मद्रास की ओर से रविवार को परिणाम जारी किए गए.

प्रभावशाली ऑल इंडिया रैंक हासिल करने वाले छात्रों में टॉप स्कोरर राघव अग्रवाल ने एआईआर 153, सात्विक मित्तल ने एआईआर 3768, आशीष पांडेय ने एआईआर 6204, शिवांश सिंह ने एआईआर 7256 हासिल की है। वहीं, हरिद्वार के कुल 8 स्टूडेंट्स ने उत्कृष्ट ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई किया।

स्टूडेंट्स की उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षकों, और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड का बड़ा हाथ है। उनके साथी, परिवार और समर्थकों के एकजुट समर्थन ने उन्हें इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर पहुंचाया है। स्टूडेंट्स ने प्रभावशाली स्कोर हासिल करके अपने माता-पिता और आकाश इंस्टिट्यूट के पूरे स्टाफ को गौरवान्वित किया है। जेईई एडवांस्ड की तैयारी के लिए छात्रों ने एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम में दाखिला लिया था, जिसे व्यापक रूप से विश्व स्तर पर सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक माना जाता है. वे अपनी उल्लेखनीय सफलता का श्रेय अवधारणाओं की कठोर समझ और अनुशासित अध्ययन कार्यक्रम के कड़ाई से पालन को देते हैं। हम आभारी हैं कि आकाश ने दोनों में हमारी मदद की है। लेकिन एईएसएल की सामग्री और कोचिंग के लिए, हमने कम समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझा होगा,श्श छात्रों ने व्यक्त किया।

### रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड बोर्ड ने 3:1 बोनस इश्यू के लिए 06 जुलाई को रिकॉर्ड डेट तय की

**देहरादून।** रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसईः 539561), एपीआई इंटरमीडिएट्स (केएसएमएस और सीआरएमएस) और एपीआई ट्रेडिंग के लिए आवश्यक अनेक दूसरे रॉ मटेरियल्स के व्यापार में लगी कंपनी ने, शेयर्स के बोनस इश्यू के लिए रिकॉर्ड तिथि 06 जुलाई 2024 तय की (यदि एजीएम में शेयरहोल्डर्स द्वारा एप्रूव्ड हो)। हाल ही में, बोर्ड ने इस उद्देश्य के लिए तय की गई रिकॉर्ड डेट पर रखे गए प्रत्येक 1 इक्विटी शेयर के लिए 3 इक्विटी शेयर्स के बोनस इश्यू को एप्रूव्ड करके रिकमेंड किया, जो सदस्यों और उपयुक्त अधिकारियों से अनुमोदन के अधीन है। 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए, कंपनी ने 4042 करोड़ रुपये का रेवेन्यू दर्ज किया, जिसमें सालाना 692 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एबिटा सालाना आधार पर 312 प्रतिशत उछल गया और 8 करोड़ रुपये से 33 करोड़ रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24) हुआ। पीबीटी 614 प्रतिशत बढ़ गया और 7 करोड़ रुपये (फाइनेंशियल ईयर 23) से 50 करोड़ रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24) पहुंचा। शुद्ध लाभ सालाना दर पर 560 प्रतिशत उछल गया और 5 करोड़ रुपये (फाइनेंशियल ईयर 23) से 33 करोड़ रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24) हुआ। ईपीएस प्रति शेयर 90.92 रुपये पर रिपोर्ट किया गया था।

रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड, एपीआई इंटरमीडिएट्स (केएसएमएस और सीआरएमएस) और एपीआई ट्रेडिंग के लिए आवश्यक विभिन्न अन्य कच्चे माल के व्यापार में लगी है।

# शिव कथा शिव तत्व को हृदय में प्रकट करती है: डॉ. सर्वेश्वर

**देहरादून।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से दिल्ली क्षेत्र के डी. डी. ए ग्राउंड, रोहिणी सेक्टर-16 में 9-15 जून 2024 तक सात-दिवसीय भगवान शिव कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिवस गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य डॉ. सर्वेश्वर जी ने कथा माहात्म्य का वर्णन करते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति के प्राण चिरकाल से ही आध्यात्मिकता में बसते हैं। इसी आध्यात्मिक शक्ति के संवाहक रहें हैं हमारे आर्ष ग्रन्थ। वेद, पुराण, उपनिषद् इत्यादि ने सदैव जनमानस के सामने सफल जीवन जीने के सूत्र रखे हैं। इन्हीं पुराणों का सार प्रभु की पावन कथा द्वारा संतों महापुरुषों के माध्यम से समाज में प्रसारित किया जाता रहा है। अगर बात करें भगवान भोलेनाथ की पावन कथा की तो आज भारत ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व में भगवान शिव के असंख्य भक्त उनकी उपासना करते हैं। विश्व की विभिन्न प्राचीन सभ्यताओं में भी भगवान शिव की उपासना के प्रमाण मौजूद हैं। और ये हो भी क्यों न? भगवान शिव तो देवों के देव महादेव हैं। भक्ति और शक्ति का संगम हैं महादेव। वैराग्य व योग के अधिष्ठाता हैं महादेव। समाज से बहिष्कृत भूत प्राणियों के एकमेव आश्रय स्थल भूतनाथ हैं महादेव। और भारत देश की तो आत्मा हैं महादेव। जिस प्रकार बिना आत्मा के देह शव हो जाती है, उसी प्रकार बिना शिव तत्व के यह विश्व भी निष्प्राण है। जब-जब भी समाज से शिव तत्व लुप्त हुआ तब-तब समाज पतन को प्राप्त हुआ है। आज समाज में व्याप्त हिंसा, वैमनस्य, मतभेद सब शिव तत्व का समाज से विलुप्तिकरण ही दशार्ते हैं। और प्रभु की यह पावन कथा उसी सनातन शिव तत्व को उजागर करने आई है। शिव तत्व को ब्रह्मज्ञान के माध्यम से घट में प्रकट करने आई है। कथा का समापन प्रभु की पावन आरती से किया गया।

# हवाई यात्रा करने वालों के लिए खुशखबरी, देहरादून एयरपोर्ट पर 13 जून से शुरू होंगे दो एयरोब्रिज

**राहत**

**▶▶ हवाई यात्री धूप, बारिश से बचते हुए टर्मिनल और विमान के बीच आवाजाही कर सकेंगे**

जौलीग्रांट (ऋषिकेश/देहरादून)। देहरादून एयरपोर्ट से हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक खुशखबरी है। एयरपोर्ट पर दो एयरोब्रिज को डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) से मंजूरी मिल गई है। इन ब्रिजों को आगामी 13 जून से शुरू कर दिया जाएगा। इससे यात्री टर्मिनल और विमान के बीच एयरोब्रिज से आवाजाही कर सकेंगे। देहरादून एयरपोर्ट टर्मिनल के अंदर चार एयरोब्रिज बनाने का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। इनमें से दो एयरोब्रिज को डीजीसीए




ने मंजूरी दे दी है। अब एयरपोर्ट प्रशासन 13 जून से इन दोनों एयरोब्रिजों को हवाई यात्रियों के लिए शुरू करने जा रहा है।

**धूप और बारिश में यात्रियों को मिलेगी काफी राहत**

एयरपोर्ट पर लगभग 460 करोड़ रुपये की लागत से नया टर्मिनल भवन बनाया गया है। उसके फेज-2 का लोकार्पण इसी साल 14 फरवरी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया था। फेज-2 बिल्डिंग के साथ ही चार एयरोब्रिज बनाने का कार्य भी शुरू किया गया था। डीजीसीए की टीम ने निरीक्षण करने के बाद चार में से दो एयरोब्रिज को मंजूरी दे दी।

एयरोब्रिज शुरू होने के बाद हवाई यात्रियों को टर्मिनल से विमान तक आवाजाही करने के लिए बस या पैदल आवाजाही नहीं करनी पड़ेगी। इससे धूप और बारिश में यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। दो और एयरोब्रिजों को भी डीजीसीए की मंजूरी के बाद शुरू कर दिया जाएगा।

**सिर्फ बड़े विमानों के लिए होगी सुविधा**

एयरोब्रिज की सुविधा सिर्फ बड़े विमानों के लिए होगी। हालांकि, दून एयरपोर्ट से अधिकतर यात्री बड़े विमान से ही यात्रा करते हैं। कुछ छोटे या एटीआर विमानों तक आवाजाही करने के लिए पैदल या बस से ही आवाजाही करनी होगी। एयरोब्रिज को चार्टर्ड या छोटे एटीआर विमानों से नहीं जोड़ा जा सकता है।

देहरादून एयरपोर्ट पर डीजीसीए की मंजूरी मिलने के बाद दो एयरोब्रिज को 13 जून से शुरू किया जा रहा है। इससे हवाई यात्री धूप, बारिश से बचते हुए टर्मिनल और विमान के बीच आवाजाही कर सकेंगे। शेष दो एयरोब्रिज को मंजूरी के बाद शुरू किया जाएगा।

# उप चुनावों में जीत हासिल करना कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा का सवाल : करन माहरा

**गोपेश्वर।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि राज्य की दो विधानसभाओं में उप चुनाव की तिथि घोषित हो गई है। इन दोनों सीटों को ही जीतना कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा का सवाल है। इसके लिए कांग्रेस ने पूर्व से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं, अब इसमें तेजी लाने की जरूरत है। कार्यकर्ता भी तैयार हैं और कांग्रेस इन दोनों सीटों पर काबिज होगी। चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर में सोमवार को पत्रकार वार्ता में माहरा ने कहा कि इस उप चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दों के साथ स्थानीय मुद्दे, गांव स्तर के मुद्दों के साथ ही चारधाम यात्रा और जोशीमठ आपदा भी एक मुद्दा



होगा। साथ ही बूथ स्तर तक प्रदेश स्तर के पांच लोगों को प्रभारी बनाया जाएगा। उन्होंने उम्मीदवार के चयन के बारे में कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने भी इस पर सर्वे करवाया है। साथ ही प्रदेश स्तर पर भी इस पर चर्चा हुई है। कार्यकताओं के साथ बैठक में भी इस बात पर चर्चा हुई है। सर्व सहमति से जिस भी कार्यकर्ता का नाम आगे आयेगा उसे टिकट दिया जाएगा।

# मेधावी छात्रों को मिलेगा दून स्कूल में निशुल्क पढ़ने का मौका

**देहरादून :** प्रतिष्ठित विद्यालयों में शामिल दून स्कूल में अब होनहार बच्चे निशुल्क पढ़ाई कर सकेंगे। इस स्कूल में प्रवेश मिलना आसान नहीं होता, लेकिन अब ये मौका आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को भी मिलेगा। छात्रों को दून स्कूल में पढ़ने के लिए पहले आवेदन करना होगा और फिर दून स्कूल स्कॉलरशिप की लिखित परीक्षा पास कर साक्षात्कार से गुजरना होगा। विद्यालय की ओर मिली जानकारी के अनुसार दून स्कूल छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन 14 जुलाई को किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए इच्छुक छात्रों को स्कूल की आधिकारिक वेबसाइट ६६६.ड्डिह्लरूँह्वह्ल.ह्म/२२ी/ के माध्यम से आवेदन करना होगा। पंजीकरण शुल्क मात्र 100 रुपये है। छात्रवृत्ति परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी, जिसमें अंग्रेजी, गणित, केस स्टडीज और रीजनिंग में उम्मीदवारों की दक्षता का आकलन किया जाएगा। सफल उम्मीदवारों को छह अक्तूबर को होने वाली मुख्य प्रवेश परीक्षा पास करने के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। परीक्षा के तहत स्कूल की ओर से छात्र को दी जाने वाली छात्रवृत्ति राशि 20 से 120 फीसदी तक हो सकती है, जिसका निर्धारण उम्मीदवार के परिवार की वित्तीय जरूरतों व आर्थिक स्थिति के आधार पर छात्रवृत्ति समिति की ओर से किया जाता है।

# जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन शुरू करने की मांग

**गोपेश्वर।** चमोली जिला अस्पताल गोपेश्वर में छह माह पूर्व सिटी स्कैन मशीन स्थापित की गई थी, लेकिन वर्तमान समय तक संचालित नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। सोमवार को जनप्रतिनिधियों का एक शिष्टमंडल एसीएमओ और सीएमएस से मिला।

स्थानीय निवासी नवल भट्ट, प्रियंका बिष्ट, ज्योति मैठाणी का कहना है कि छह महीने पहले जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में सीटी स्कैन मशीन स्थापित की गई थी, लेकिन मशीन को अभी तक संचालित नहीं किया गया है। इसके अभाव में लोगों को यहां से बाहर जाना पड़ रहा है। लोगों को खासी दिक्कतों का सामना



करना पड़ता है और छोटी-छोटी समस्याओं पर मरीज के जीवन को जोखिम में डालकर हायर सेंटर के लिए रेफर किया जाता है। मशीन को जल्द संचालित किया जाना अतिआवश्यक है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) डॉ. वीपी सिंह, सीएमएस डॉ. अनुराग धनिक ने बताया कि सीटी स्कैन संचालित किये जाने के लिए कार्य किया जा रहा है। 15 दिनों के अंदर सभी तकनीकी कार्य पूरा होने के बाद आम जनमानस को सीटी स्कैन का लाभ मिल पाएगा।

